केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

56-57, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी,
नई दिल्ली-110058

दिनांक - 26.04.2022

सूचना

महत् हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, देहली के साथ श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली एवं राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति के संयुक्त तत्त्वावधान में त्रिदिवसीय **उत्कर्षमहोत्सव** का आयोजन 7.5.2022 से 9.5.2022 तक किया जा रहा है। इस संदर्भ में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के स्थापना से लेकर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बनने तक विभिन्न स्मृतियों का संग्रहण किया जा रहा है। अतः केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली (पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान) के सभी कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों से निवेदन है कि राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों के छाया चित्र एवं वीडियो क्लिप यदि आपके पास उपलब्ध हो तो अधोहस्ताक्षरी को 29.4.2022 तक utkarshdiwas@gmail.com अथवा वाट्सप संख्या 8847619635 पर Document format के माध्यम से अथवा साक्षात् कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। साथ ही जो छाया चित्र एवं वीडियो क्लिप आपके द्वारा दी जाएगी वह आपको पुनः प्रत्यर्पित किया जाएगा। कृपया वैयक्तिक छाया चित्र न भेजें। केवल विश्वविद्यालय से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों के ही छाया चित्र प्रदान करने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

R.K. Barman.
26.04.2022

(प्रो. रणजित कुमार बर्मन)
कुलसचिव

प्रति

1. समस्त परिसर, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली
2. मुख्यालय के समस्त विभाग
3. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के सभी सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी
4. परियोजनाधिकारी- विश्वविद्यालय के वेबसैट पर स्थापना हेतु
5. सूचना पट्ट